2.10 "परिरक्षा" से उत्पादों की ऐसी प्रक्रिया अभिप्रेत है जिसके द्वारा उत्पाद को ठोककर डिब्बों में सीलबंद किये गए हैं जिसमें एक सीमा तक उष्णता दी गयी है जिसमें किसी भी प्रकार सूक्ष्म भाग को नष्ट किया गया है या उनको अगतिशील बनाया गया है, सम्मिलित होंगे । भंडारित किये जाने वाले उत्पाद को नियमित ताप दिया जायेगा ।

2.11 "प्रशीतित उत्पाद" से किसी भी प्रकार का ऐसा मछली उत्पाद अभिप्रेत है जो कि मध्यांतर 18° सेल्सियस

IndiaCode

के ताप या निम्न ताप स्थिरता के प्रशीतित प्रक्रिया के अंतर्गत लाया गया हो ।

2.12 "पैकिंग" से सुरक्षित रखने की वह प्रक्रिया अभिप्रेत है जो लपेटने, डिब्बों में रखने या अन्य कोई उचित साधन को प्रयोग में लाया गया हो ।

2.13 "बैच कोड" से मछली उत्पाद की वह मात्रा अभिप्रेत है जिसको व्यवहारिक विशेष अवस्था में एक निश्चित समय में प्रसंस्कृत किया गया हो यद्यपि जिसमें एक भी कलेंडर दिवस बढ़ाया न गया हो ।

2.14 "परेषण" से मछली उत्पाद की वह मात्रा अभिप्रेत है जो गंतव्य देश में एक उपभोक्ता के लिए आबद्ध है और जिसे एक ही प्रकार के परिवहन साधन द्वारा प्रवहित किया गया है ।

2.15 "परिवहन के साधन" से ऐसे पुर्जे अभिप्रेत है जो रेलयानों, वायुयानों, जलयान पेटे जैसे स्वचालित और भूमि, समुद्र या वायु मार्ग द्वारा परिवहन के लिये आधानों में माल के लिए अलग रखे जाते हैं ।

2.16 सक्षम प्राधिकारी से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अधीन बम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरण अभिप्रेत है ।

2.17 "स्थापना" से ऐसा परिसर जहां मछली उत्पाद तैयार, प्रसंस्कृत पैक या भंडार किये जाते हैं अभिप्रत है ।

2.18 "साफ समुद्री" जल से ऐसा समुद्री जल या लवणीय जल अभिप्रेत है जो ऐसी मात्रा में जीवाणु सड़न, हानिकर पदार्थ/या विषैले समुद्री पदार्थों से मुक्त है जिससे इस अधिसूचना में अधिकथित अवस्था में प्रयुक्त होने से मछली उत्पाद के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करता है।

2.19 "पीने योग्य जल" से ऐसा जल अभिप्रेत है जो ई ई सी के निर्देश सं० 80/778-ई ई सी (खाद्य उद्योग के लिये आशयित जल की मात्रा सहायता) के अनुसार प्रसंस्करण के लिए प्रयुक्त सहयता स्तर के अनुरूप है ।

2.20 "कारखाना" जलयान से ऐसा जलयान अभिप्रेत है जिसमें मछली उत्पाद एक या अधिक निम्नलिखित प्रक्रियाओं जैसे पैकेजिंग फिलेटिंग, टुकड़ों में, गोदना, छिलना, प्रशीतित करना या संस्करण सम्मिलित है । निम्नलिखित को कारखाना जलयान में नहीं माना जायेगा। ऐसे मछली जलयान जिसमें शिम्प्स और मोनोलिसस फलक पर ही पकाए जाते है। फलक पर ऐसे मछली जलयान जहां केवल प्रशीतन किया जाता है ।

3. अनुसरणीय आधार—

आशयित उद्योग की यह प्राथमिक जिम्मेदारी है कि ऐसे निर्यात के लिए ताजा, प्रशीतित और प्रसंस्कृत मछली उत्पादों का सभी स्तर पर संचालन एवं प्रसारणीयकरण, भंडारण एवं परिवहन समुचित स्वास्थ्यकर अवस्था में करना सुनिश्चित करें ताकि इस आदेश के नियमों के अधीन उल्लिखित स्वास्थ्यकर अपेक्षाओं को पूरा किया जाए और उत्पाद अधिनियम की धारा 6 के अधीन आदेश की अनुसूची 1 में दिये गए निर्देशों के अनुरूप हो।

सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करणकर्ता इस अधिसूचना के खण्ड 13 और 13.1 में विहित नियंत्रण मापदंडों के अनुसार स्थापनों की नियमित प्राबंधन द्वारा अपेक्षाओं को पूरा करना सुनिश्चित करेगा। इस बारे में प्रभावकारी प्रोबधन स्कीम के लिए निर्यात निरीक्षण परिषद आवश्यक अनुदेश जारी करेगी।

4. निर्यात के लिए ताजी प्रशीतित और प्रसंस्कृत मछली और मछली उत्पाद निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे ।

4.1 समय-समय पर किसी राज्य/केन्द्रीय सरकार द्वारा वाणिज्य/प्रवावरणीय सरक्षण की बाबत अधिरोपित किसी कानून निर्बंधनों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जायेगा।

4.2 उन्हें जल वाहन के फलक पर विहित स्वास्थ्य नियमों के अनुसार पकड़ना, रक्त वहन, करना, सिर अलग करना, साफ करना और मीनपक्ष का हटाया जाना, शितित करना या प्रशीतित किया जायेगा ।

4.3 उन्हें जहां समुचित हो उनका उपबंध 1 में विनिर्देशित अपेक्षाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित कारखाना जलयान में उनका संचालन किया गया होना चाहिये ।

4.4 भू-तत्व पर आने के दौरान और उसके पश्चात् उनका संचालन उपबंध 2 के अनुसार संचालन अवश्य किया गया हो।

4.5 जहां समुचित हो उनका संचालन उपबंध 3 और उपबंध 4 में अनुमोदित स्थापनाओं में पैकिंग प्रसंस्करण प्रशीतन, वीतुष्णान या भंडारण का संचालन स्वास्थ्यकर रूप में हुआ हो।

4.6 उनको उपबंध 5 के अनुसार स्वास्थ्य परीक्षा अवश्य की गयी हो।

4.7 उनका उपबंध 6 के अनुसार समुचित रूप से अवश्य पैकिंग किया गया हो ।

4.8 उनको उपबंध 7 के अनुसार पहचान चिन्ह अवश्य दिया गया हो ।

4.9 उनका उपबंध 8 के अनुसार स्वास्थ्य की संतोषप्रद अवस्था में भंडारण और परिवहन अवश्य किया गया हो ।

5. जहां उत्पादों को तकनीकी और वाणिज्यिक दृष्टिकोण से साफ सुथरा किया जाना अपेक्षित है वहां इन्हें पकड़ने और भू-तल पर लाने के तुरन्त पश्चात तीव्रता से किया जाना चाहिए ।

6. जल कृषि उत्पाद निम्नलिखित शर्तों के अधीन होंगे ।

6.1 उन्हें समुचित स्वास्थ्यकर दशाओं में छंडान, सैलान सिरिम या सरल करना रिसेल, साफ सुथरा करना, सफाई

करना, स्वच्छ आदि किया जाए । इनमें मिट्टी नहीं लगी होनी चाहिए । समदूषित स्लिम या फैंशिम या अन्यथा समदूषित नहीं होना चाहिए । पूर्व प्रसंस्कृत किए जाने के पश्चात यदि तुरन्त प्रसंस्कृत नहीं किया जाता है तो उन्हें स्वीकृत किया जाना चाहिए ।

6.2 इसके अतिरिक्त उन्हें 4.3 से 4.7 के अधीन उल्लिखित समुचित अपेक्षाओं का कालम करना चाहिए ।

7. निर्यात के लिए निम्नलिखित मछली उत्पाद के लिए निदेश हैं :

(i) निम्नलिखित प्रजाति की विषैली मछलियां—टेटरा ओडोनोठाइम, मोहल्य, डाईडोनाइडी, केनथीमैंटाइज

(ii) सेमूटाइड टाइक्सिम या मसक्ल-पैराइनाइन्ग जैसी बायोटाइटिक्सम अन्तःवस्तु मछली उत्पाद

8.1 जंतु सीपी मृदुकवचीय कालस्क जीवित या प्रसंस्कृत अवस्था में मृदुकवचीय सीपी के निर्यात के मामले में इनका परिवहन अभिवहन स्वच्छीकरण और प्रसंस्करण आयात देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप ही किया जाएगा ।

8.2 उपरोक्त 8.1 में दी गयी सभी कार्यविधियां एमपीईडीए, एसएफईएआई और स्थानीय मछियारी विभागों, मछियारी बंदरगाहों के प्रतिनिधियों द्वारा सक्षम प्राधिकरणों के द्वारा नियमित रूप से क्रियान्वित व अनुमोदित होंगी ।

9. उद्योग यह सुनिश्चित करेगा कि स्थापना का जिम्मेदार व्यक्ति ऐसे सभी आवश्यक उपाय अपनाएगा ताकि मत्स्य उत्पादन के सभी प्रकरणों पर विनिर्देशों का अनुपालन किया जाए और इसके लिए उक्त व्यक्ति निम्नलिखित अपेक्षाओं के आधार पर स्वयं जांच पड़ताल करेगा ।

9.1 विनिर्माण प्रक्रिया में प्रयुक्त आधार पर अपनी स्थापनाओं में जटिल विंदुओं की पहचान करेगा ।

9.2 ऐसी जटिल बिन्दु के प्रोबधन और जांच पड़ताल के लिए स्थापना एवं क्रियान्वयन की पद्धति ।

9.3 सफाई और विसंक्रमण की जांच पड़ताल के प्रयोजन के लिए और इस अधिसूचना की अपेक्षाओं के अनुपालन की जांच पड़ताल के लिए मान्यता प्राप्त सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित प्रयोगशाला में विश्लेषण के लिए नमूने लिया जाना ।

9.4 सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किए जाने के उद्देश्य से लिखित अभिलेख या रजिस्ट्रीकृत अभिलेख रखा जाएगा, विभिन्न जांच पड़ताल के परिणामस्वरूप विशेषतया दो वर्ष की अवधि के लिए रखा जाएगा ।

9.5 इस खण्ड के लागू किए जाने के लिए विस्तृत नियम उपाबंध 9 में दिए गए हैं ।

9.6 सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित तकनीज सक्षम और योग्यता प्राप्त अपने चैक (जांच) दिए गए सहायक दायित्वों जो कि उपरोक्त खण्ड 9 में वर्णित हैं प्रतिस्थापन में होगा ।

9.6.1 किसी भी अवस्था में प्रतिस्थापन के लिए उत्तरदायी व्यक्ति अनुभवी और योग्यता प्राप्त होना चाहिए ।

(i) मत्स्य विज्ञान, मत्स्य उद्योग प्रबंध, औद्योगिक मत्स्य उद्योग या मत्स्य प्रसंस्करण में स्नातक/स्नातकोत्तर ।

(ii) (क) समुद्री जीव विज्ञान मत्स्य जीव विज्ञान सूक्ष्म जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणी विज्ञान, जीव विज्ञान जैव रसायन, जैव विज्ञान या खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिक में स्नातक/स्नातकोत्तर ।

और

(ख) मत्स्य प्रसंस्करण और क्वालिटी नियंत्रण में एक वर्ष का अनुभव या किसी सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान में मत्स्य प्रसंस्करण क्वालिटी नियंत्रण में कम से कम छह मास की अवधि के लिए प्रशिक्षण ।

10. यदि स्वयं जांच के परिणामों या ऊपर निर्दिष्ट उत्तरदायी व्यक्ति के पास उपलब्ध किसी जानकारी से स्वास्थ्य का जोखिम प्रकट होता है या जिसे यह अनुमान निकलता है कि इनमे से एक विद्यमान हो सकता है तो मान्यता प्राप्त सक्षम प्राधिकारी की शासकीय पर्यवेक्षण के अधीन समुचित उपाय किए जाएंगे ।

11. यह समाधान हो जाने पर कि स्थापन/कारखाना जलयान उन क्रियाकलापों की जो वे करते हैं प्रकृति को ध्यान में रखते हुए अपेक्षाएं पूरी करते हैं तो सक्षम प्राधिकारी ऐसे स्थापन/कारखाना/जलयान को अनुमोदन प्रदान करेगा । यदि स्थापन/कारखाना जलयान उन क्रियाकलापों जिनके लिए उसे अनुमोदन प्राप्त है से भिन्न क्रियाकलाप करने का विनिश्चय करता है तो उस प्रयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी से विनिर्दिष्ट अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा ।

12. सक्षम प्राधिकारी स्थापन/कारखाना जलयान के अनुमोदन के विषय में समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण और भारतीय समुद्री खाद्य पदार्थ निर्यात संगम के प्रतिनिधियों की सहायता ले सकेगा ।

12.1 यदि अपेक्षाएं पूरी नही होती हो तो मान्यता प्राप्त सक्षम प्राधिकारी आवश्यक उपाय करेगा ।

12.2 मान्यता प्राप्त सक्षम अभिकरण ऐसे अनुमोदित स्थापनों/कारखाना जलयानों की एक सूची तैयार करेगा जिसमें से प्रत्येक का एक मासकीय संख्यांक होगा और मान्यता प्राप्त सक्षम प्राधिकारी समुचित अधिकारियों को अनुमोदित स्थापन/कारखाना जलयानों की सूची की और उसमें किसी पश्चातवर्ती परिवर्तन की सूचना देगा ।

IndiaCode

13. स्थापन/कारखाना जलयान का निरीक्षण अनुश्रवण मान्यता प्राप्त सक्षम प्राधिकारी के उत्तरदायित्व के अधीन नियमित रूप से किया जाएगा जिसको इस अधिसूचना की अपेक्षाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से इस अधिसूचना के लागू होने से संबंधित स्थापनों/कारखाना जलयान के सभी भागों और अभिलेख तक सभी समयों पर स्वतंत्र रूप से पहुंच होगी ।

14. बाइवल्स मोलूस्कस पूर्व प्रसंस्करण केन्द्रों और अन्य मत्स्य उत्पादों की उतराई केन्द्र के निरीक्षण आदि अनुश्रवण के लिए सक्षम प्राधिकारी एमपीईडीए और एसएफईएआई के प्रतिनिधियों की सहायता ले सकेगा ।

15. प्रमाणन : प्रसंस्करणकर्ता/निर्यातकर्ता के अनुरोध पर सक्षम प्राधिकारी यह समाधान कर लेने के पश्चात् कि ताजी हिमशीतित प्रसंस्कृत मछली और मछली उत्पादों का ऐसे अनुमोदित स्थापनों/कारखाना जलयानों में, जिनके पास विधिमान्य अनुमोदन संस्थान हैं, प्रसंस्करण किया जाता है और सुसंगत अपेक्षाओं का समाधान करने के पश्चात् विहित प्रोफार्मा में स्वास्थ्य/पशुचिकित्सा प्रमाण पत्र जारी करेगा ।

15.1 सक्षम प्राधिकारी, अनुरोध किए जाने पर अपना यह समाधान कर लेने के पश्चात की सुसंगत मानकों की अपेक्षाओं को पूरा किया गया है, ऐसे अन्य प्रमाण पत्र जारी करेगा ।

16. फीस :

16.1 प्रसंस्करण स्थापन/कारखाना जलयान द्वारा इस अधिसूचना के खंड सं० 11 के अनुसार अनुमोदन के लिए आवेदन के साथ 2000 रु० की फीस संदत्त की जाएगी ।

16.2 प्रसंस्करण स्थापन/कारखाना जलयान द्वारा निम्नलिखित दर से अनुश्रवण फीस का भी संदाय निर्यात निरीक्षण अभिकरण को किया जाएगा ।

यूनिट निर्यात आवृत्त	अनुश्रवण फीस
10 करोड़ रु० प्रतिवर्ष से नीचे	निर्यात के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य का 0.2%
10 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष और उससे ऊपर	0.15 प्रतिशत किन्तु न्यूनतम 2 लाख रुपए और अधिकतम 5 लाख रुपए प्रति वर्ष

17.1 कोई व्यक्ति जो :—

(i) इस अधिसूचना के नियम 11 के अनुसार अनुमोदन प्रदान न करने की सक्षम प्राधिकारी के विनिश्चय,

(ii) इस अधिसूचना के नियम 12.1 के अनुसार अनुमोदन वापस लेने के सक्षम प्राधिकारी के विनिश्चय,

(iii) इस अधिसूचना के नियम 15 के अनुसार स्वास्थ्य/पशु चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी न करने से सक्षम प्राधिकारी के इंकार करने, से व्यथित हैं, ऐसी संसूचना की प्राप्ति के दस दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त किसी अपील प्राधिकारी को अपील कर सकेगा ।

17.2 अपील प्राधिकरण में कुल सदस्यता का कम से कम दो तिहाई गैर शासकीय व्यक्ति होंगे ।

17.3 अपील प्राधिकरण की किसी बैठक के लिए गणपूर्ति तीन होगी ।

17.4 अपील का निपटारा उसकी प्राप्ति के 15 दिन के भीतर किया जाएगा ।

उपाबंध-1

कारखाना जलयानों के लिए लागू होने वाली शर्तें :

I. डिजाइन और उपस्कर से संबंधित शर्तें

1. कारखाना जलयानों के लिए न्यूनतम अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी ।

1.1 मछली उत्पादों के प्रयोजन/ग्रहण करने के लिए पृथक क्षेत्र और पृथक जलाशय होने चाहिए या तसले इतने बड़े होने चाहिए ताकि पकड़े गए उत्पाद को पृथक रूप से रखा जा सके । उत्पाद क्षेत्र और इसके अलायमान भाग साफ होने चाहिए उसका डिजाइन ऐसा होना चाहिए कि उत्पादों को धूप या उसके तत्वों और धूल के किसी स्त्रोत से या संदूषण से संरक्षण किया जा सके ।

1.2 मछली उत्पादों को कार्य क्षेत्र तक ले जाने के लिए स्वास्थ्य नियमों का पालन होना चाहिए ।

1.3 मछली उत्पादों का कार्य क्षेत्र उत्पादित पदार्थ और प्रसंस्करण हेतु इतना बड़ा होना चाहिए ताकि उचित स्वास्थ्यकर शर्तें पूरी हो सकें । इस तरह से डिजाइन और व्यवस्थित किया जाना चाहिए ताकि संदूषण से उत्पाद का बचाव हो ।

1.4 तैयार उत्पाद के भंडारण का क्षेत्र बड़ा होना चाहिए ताकि सुचारू रूप से साफ हो सके । यदि कोई इकाई छीजन को संसाधित करने के लिए बोर्ड पर काम कर रही है तो सह उत्पादों के भंडारण के लिए अलग जगह का निर्धारण होना चाहिए ।

1.5 तैयार उत्पाद और पैकिंग सामग्री संसाधन क्षेत्र और भंडारण स्थान से पृथक होनी चाहिए ।

1.6 विशेष उपकरण जो मछली उत्पाद या सीधे समुद्र या रुके हुए जलाशय से मानव उपभोग के लिए परिस्थितियों वश उचित नहीं है तो इस उद्देश्य के लिए अवशेष को भंडारित करने और सफाई के लिए अलग स्थान दिया जाना चाहिए ।

1.7 बर्तन का पानी पर्याप्त मात्रा में, आपूर्ति या दबाव सहित समुद्री पानी का प्रावधान होना चाहिए । समुद्री पानी आने की स्थिति ऐसी होनी चाहिए कि भरे गए पानी पर

IndiaCode

समुद्र में डाले गए गंदे पानी, गंदगी और इंजन को ठंडा रखने वाले पदार्थ प्रभाव न डालें ।

1.8 बदलने वाले कमरों की संख्या ऐसी होनी चाहिए वाश बेसिन व मूत्रालयों का पानी मछली उत्पादों को तैयार करने वाले स्थान संसाधित करने और भंडारण के स्थान पर सीधा नहीं जाना चाहिए । वाशबेसिन ऐसे उपकरणों से सुसज्जित होने चाहिए कि हाथ धोने के लिए स्वास्थ्यकर आवश्यकताओं को पूरा करें। वाश बेसिन की नल हस्तचालित नहीं होनी चाहिए ।

2. वह क्षेत्र जहां पर मछली उत्पादों को तैयार और संसाधित या हिमशीतित किया जाता है वहां ऐसा होना चाहिए ।

2.1 फिसलन रहित ऊर्जा और आसानी से साफ होने वाले, रोगाणुमुक्त और पानी के निकास से सुसज्जित होने चाहिए । संरचना तथा फिक्सचर के होल्डर इस प्रकार के होने चाहिएं ताकि मछली अपशिष्ट तथा जल निकासी अबाध गति से हो ।

2.2 दीवारें और छत विशिष्टतः पाईप, चैन या विद्युत पाईप आसानी से साफ किए जा सकें ।

2.3 हाईड्रोलिक परिपथ की व्यवस्था या इस प्रकार व्यवस्थित सुरक्षित होने चाहिए ताकि किसी भी प्रकार के तेल के रिसाव से मछली उत्पाद दूषित न हों ।

2.4 पर्याप्त वातायन और जहां आवश्कक हो समुचित रुप से वाष्प का उचित निष्कर्षण हों ।

2.5 समुचित प्रकाश व्यवस्था ।

2.6 औजारों, उपकरणों अर फिटिंग को साफ व कीटाणु रहित करने के लिए सांधित्र ।

2.7 हाथ साफ करने और रोगाणुमुक्त करने के लिए लगाए गए नल हस्तचालित नहीं होने चाहिए तथा एक ही तौलिए का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए ।

3. उपस्कर और औजार जैसे मेजें, मछली काटने के लिए बैंचे, बर्तन इत्यादि चलनशील पट्टी गटिंग या फिलेटिंग मशीन इत्यादि समुद्री जल प्रतिरोधक वाले आसानी से साफ तथा रोगाणुमुक्त करने के लिए अच्छी तरह रखे जाएं ।

4. मछली उत्पाद को हिमशीतित करने के लिए कारखाना जलयान अनुकूल होना चाहिए ।

4.1 प्रशीतन संयंत्र पर्याप्त रूप से शक्तिशाली होना चाहिए ताकि ताप को तीव्रता से क्रीड ताप तक कम करके अधिसूचना के विनिर्देशानुसार पालन किया जाए ।

4.2 प्रशीतन संयंत्र प्रसंस्कृत रूप से शक्तिशाली हो ताकि किसी ऐसे तापमान भंडार में रखे गए मछली उत्पाद इस अधिसूचना के विनिर्देशों के अनुरूप हों, भंडार में स्वचालित तापमान अभिलेखी प्रणाली लगा होगा ताकि आसानी से पढ़ा जाए ।

II मछली उत्पाद को फलक कर रखने और भंडार किए जाने के संबंध में स्वच्छता की शर्तें:

1. फलक पर जलयान पर मछली विनिर्माण के अच्छे तौर तरीके अपनाने के लिए अर्हता प्राप्त एक जिम्मेदार व्यक्ति होना चाहिए ऐसे व्यक्ति को इस अधिसूचना के उपबंधों को लागू करना सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा, फलक पर अपनाए गए जटिल बिंदुओं की जांच पड़ताल के लिए यह व्यक्ति निरीक्षणों के निरीक्षण कार्यक्रम पर उपलब्ध रहेगा । उस व्यक्ति के टिप्पण के लिए और तापमान अभिलेख के लिए एक रजिस्टर रखा जाएगा ।

2. क्षेत्र और उपस्कर पर लागू साधारण स्वास्थ्य की शर्तें वही होंगी जो उपबंध 3 की धारा-2(2) में उल्लिखित हैं ।

3. कर्मचारी विरका को लागू स्वच्छता की समान शर्तें वही होंगी जो उपबंध 3 की धारा-2(2) में उल्लिखित हैं ।

4. हैडिंग, गटिंग और फिलेटिंग कार्य उपबंध-IV की धारा-1(2), (3) एवं (4) में उल्लिखित शर्तों के अधीन होंगे ।

5. फलक पर मछली उत्पाद का प्रसंस्करण उपबंध-IV की धारा III, IV एवं V में उल्लिखित स्वास्थ्य की शर्तों के अधीन किया जाएगा ।

6. मछली उत्पाद उपबंध-VI में अधिकथित स्वास्थ्य की शर्तों के अधीन लपेटे और पैकिंग किए जाएंगे ।

7. फलक पर मछली उत्पाद का भंडारण उपाबंध-VIII (1) एवं (2) में उल्लिखित स्वास्थ्य की शर्तों के अधीन किया जाएगा ।

उपाबंध—II

भूतल पर आते समय और आने के पश्चात् की आवश्यकताएं

1. उतराई और भूतल पर लाने वाले उपस्कर की संरचना ऐसे धातु के होने चाहिए जिसे आसानी से साफ व रोग मुक्त किया जा सके । उनकी मरम्मत और अच्छी सफाई होती रहनी चाहिए।

2. उतराई और भूतल पर लाने के दौरान मछली उत्पाद को संदूषण से अवश्य बचाया जाए इसे विशिष्टियां सुनिश्चित करें।

2.1 उतराई और भूतल पर आने की प्रक्रिया तेजी से हो।

2.2 मछली उत्पाद बिना किसी अनावश्यक विलम्ब के सुरक्षित पर्यावरण में उत्पाद की प्रकृति के आधार पर अपेक्षित तापमान में रखा जाए, जहां आवश्यक हो परिवहन, भंडारण या स्थापना में बर्फ में रखे जाएं।

2.3 ऐसे उपस्कर और उठाई धराई के तौर तरीके जिससे मछली उत्पाद का खाने योग्य भाग अनावश्यक रूप से क्षतिग्रस्त होता हो प्राधिकृत नहीं किया जाता।

3. जहां मछली विक्रय नीलामी या थोक बाजार के लिए प्रदर्शित किया जाता है ऐसा होना चाहिए।

3.1 यह आच्छादित हो और इसकी दीवार को आसानी से साफ किया जा सके।

3.2 इसकी बिछायेतें जलरोधी हों जिसे धोने और विसंक्रमणित करने में आसानी हो इस तरह बिछाया गया हो ताकि जल का बहाव और अपशिष्ट जल के निपटान प्रणाली में सुविधा हो।

3.3 इसकी सफाई सुविधा के उपस्कर लगे हों प्रसाकृत संख्या में वाशबेसिन और फलेश वाले शौचालय हों, वाशबेसिन में हाथ धोने के लिए साबन और एक व्यक्ति के लिए एक तौलिया का प्रयोग किया जाता हो।

3.4 वहां निरीक्षण के लिए पर्याप्त सुविधा हो।

3.5 जब मछली उत्पाद को प्रदर्शित करने या उनके भंडारण के लिए उपयोग किया जाता हो तो किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जाए, ऐसे यान जिसमें जो विशेष धुंआ फैलाते हैं जिससे मछली उत्पाद क्वालिटी खराब होती है बाजार में अनुज्ञेय न किया जाए। अवांछनीय पशुओं का प्रवेश विर्जन हो।

3.6 इसे बराबर साफ किया जाना चाहिए और कम से कम प्रत्येक विक्रय के पश्चात् फ्रेटस को प्रत्येक विक्रय के पश्चात् साफ किया जाना चाहिए जिसके भीतर और बाहर खाने योग्य पानी से या साफ समुद्री जल से साफ किया जाए जहां अपेक्षित हो विसंक्रामित किया जाए।

3.7 धूम्रपान, थूकना और खाने-पीने को प्रतिषिद्ध करते हुए मुख्य स्थल पर एक सूचना प्रदर्शित की जाएगी।

3.8 जल पूर्ति की प्रजीकृत व्यवस्था होगी।

3.9 मछली उत्पाद के लिए संक्षारण प्रतिरोधी धातु से विशेष जलरोधी पात्र बना हो जो मानव उपभोज्य के लिए नहीं है।

4. उतारने के पश्चात् जहां समुचित हो प्रथम विक्रय के पश्चात् मछली उत्पाद बिना विलम्ब के बर्फ के पिघलने के तापमान पर परिवहन किया जाए।

5. उपबंध 3 की धारा-2 में यथाउल्लिखित स्वास्थ्य की सामान्य शर्तों सिवाय 2.1.1 के यथाआवश्यक परिवर्तन सहित मछली उत्पाद विक्रय या भंडारण के लिए प्रदर्शित किए गए हैं लागू होंगे।

6. ऐसे थोक बाजार जहां मत्स्य उत्पाद विक्रय या भंडारण के लिए प्रदर्शित किए गए हैं उन्हीं शर्तों के अधीन होंगे जो इस उपबंध के बिन्दु 3 और 5 और उपबंध 3 की धारा 1 के बिन्दु 2 और 11, 12 में उल्लिखित के अधीन होंगे।

7. उपबंध 3 धारा 2 में उल्लिखित स्वास्थ्य की सामान्य शर्तें यथावश्यक परिवर्तनों सहित थोक बाजार को लागू होंगी।

उपाबंध-III

परिसर, भवन और उपस्करों से संबंधित सामान्य शर्तें

1. परिसर और भवन

1.1 हवा से धूल की रोक के लिए प्रसंस्करण क्षेत्र के ठीक पहुंच के आस-पास की जगह पर कंकड़ डालना, तारकोल लगाना या बालोट लगाया जाएगा।

1.2 प्रसंस्करण स्थापन स्थाई प्रकृति के भवन में रखे जाएं ताकि हवा के झोंकों की धूल और वर्षा जैसे सामान्य परिसंकट से संरक्षण मिल सके और यह पर्याप्त आकार होगा ताकि पर्याप्त स्वच्छता शर्तों के अधीन रहते हुए किया जाए इसका डिजाइन और रूपरेखा ऐसी हो जिससे उत्पाद संदूषित न हो भवन के साफ और संदूषित भागों को समुचित रूप से पृथक किया जाएगा।

1.3 खाद्य रखरखाव वाले क्षेत्र को आवासीय प्रयोजन के लिए प्रयुक्त क्षेत्र से पूर्णतः पृथक किया जाएगा।

1.4 विभिन्न खंडों का रेखांकन इस तरह होगा ताकि कार्य के सुधार रूप से और क्रमबद्ध रूप में करने में सुविधा हो और आसपास संदूषण की संभावनाओं से बचा जा सके।

1.5 इसके पर्याप्त रूप से प्राकृतिक या कृत्रिम प्रकाश होना चाहिए बल्ब और जहां आवश्यक हो वाष्प और जल वाष्प के निष्कासन की सुविधा प्रदान की जाएगी। वातायन में मक्खीरोधी व्यवस्था की जाएगी।

2. मक्खीरोधी, पीड़क जन्तु और पशु नियंत्रण

2.1 प्रसंस्करण क्षेत्र जिसमें कच्ची सामग्री प्राप्त करने और भंडारण क्षेत्र भी सम्मिलित है में मक्खीरोधी प्रभावकारी व्यवस्था की जाएगी। प्रसंस्करण क्षेत्र में कीट, चूहे, चिड़ियां और पशुओं के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जाएंगे।

3. प्राप्ति क्षेत्र

3.1 कच्ची सामग्री प्राप्त करने के क्षेत्र में ले जाने से पहले कच्ची सामग्री की उतराई के लिए एक ऊंचा प्लेटफार्म बनाया जाएगा। इस प्लेटफार्म को चारों तरफ से और ऊंचे स्थान की छाद संदूषण से पर्याप्त रूप से संरक्षित किया जाएगा।

3.2 कच्ची सामग्री को प्राप्त करने और भंडारण के क्षेत्र को तैयार उत्पाद निर्मित करने या पैक करने के

क्षेत्र से इस तरह पृथक किया जाएगा कि संदूषण समाप्त हो जाए।

4. कार्यकक्ष की छत, दीवार और फर्श

4.1 खाद्य उठाई-धराई का क्षेत्र जलरोधी, सफाई करने और विसंक्रमण में आसान होगा और इस तरह बिछाया जाएगा ताकि जल का बहाव की सुविधा आसानी से हो या उसमें जल निकासी के लिए उपस्कर लगा हो। फर्श पर जल का जमाव नहीं होगा।

4.2 खाद्य उठाई-धराई क्षेत्र की आंतरिक दीवार टिकाऊ और उसकी सतह चिकनी, सफाई में आसान और अपारगम्य और जलरोधी और हल्के रंग की होगी।

4.3 दीवारें प्रेक्षपण से मुक्त होंगी और सभी पाईप और केबल साफ सुथरे आच्छादित होंगे।

4.4 दीवार से दीवार और दीवार से फर्श के संयोजन को एक मानकर समुचित रूप से सफाई की सुविधा होगी।

4.5 छत दरारों और खुले जोड़ों से मुक्त होंगी और चिकनी, जलरोधी हल्के रंग की और सफाई में आसान होगे।

4.6 सभी दरवाजे और खिड़कियां टिकाऊ और संरक्षण प्रतिरोधी धातु से बनी होंगी और स्वतः बंद होने के प्रकार की और सफाई में आसान मक्खीविरोधी व्यवस्था सहित होंगी।

4.7 खिड़की के सभी सिल अंदर की ओर ढलान वाली होंगी।

4.8 प्रसंस्करण क्षेत्र के सभी प्रवेश बिन्दुओं पर उपयुक्त आकार के पैर धोने के लिए एक गर्त की व्यवस्था की जाएगी। गर्त में पेयजल और रोगाणुनाशक की व्यवस्था होगी। ठहरे हुए जल को कुछ अंतराल के बाद बदला जाएगा।

4.9 प्रसंस्करण क्षेत्र के सभी प्रवेश बिन्दुओं को साफ और हाथों को रोगाणुमुक्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं होंगी।

4.10 उपकरणों और काम में आने वाले उपस्कर जैसे टेबल, आधान, कैनवायर बैल्ट चाकू और उपयोग किए गए अन्य बर्तन चिकने संसारण प्रतिरोधी सामग्री, आसानी से साफ होने व रोगाणुमुक्त होगी।

4.11 विशेष रूप से चिह्न, रंग या आकार से पहचाना जाएगा और उन्हें खाद्य पदार्थों की उठाई-धराई के के लिए प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। कार्य क्षेत्र से अपशिष्ट सामग्री शीघ्र हटाने के लिए पर्याप्त अपशिष्ट पात्रों की व्यवस्था की जाएगी।

4.12 बर्फ तोड़ने वाली या बर्फ की परतें बनाने वाली मशीन की व्यवस्था की जाएगी।

5. मशीनरी

5.1 हिमशीतित उपस्कर कार्य क्षमता से इतना शक्तिशाली हो कि तापमान को तुरन्त कम कर दे। इस प्रकार जो अपेक्षित आंतरिक तापमान न्यूनतम अवधि के भीतर प्राप्त किया जाता है, इसकी व्यवस्था की जाएगी।

5.2 हिमशीतित उपस्कर मापक से मुक्त होगा जो तापमान और दाबव दर्शित करेगा।

6. शीतित कमरे/भण्डारण

6.1 शीतित कमरे और बर्फ भंडारण, जहां आवश्यक हो, व्यवस्था की जाएगी।

6.2 वे ठंडे कमरे, जहां तैयार उत्पादों को भंडार किया जाता है, ऐसे उत्पादों को पर्याप्त शक्तिशाली रेफ्रिजरेशन संयंत्रों में विहित तापमान पर रखा जाएगा।

6.3 ठंडे कमरे का फर्श जलरोधी होगा, आसानी से साफ व रोगाणुमुक्त और इस तरह से बनाया जाएगा कि पानी बाहर जाने की व्यवस्था हो या उसमें पानी निकासी के उपस्कर की व्यवस्था होगी।

6.4 दीवारें चिकनी सतह वाले और टिकाऊ, अभेद्य तथा आसानी से साफ होने वाली चाहिए।

6.5 छत और छत का अस्तर आसानी से साफ होने वाला होगा।

6.6 दीवारें टिकाऊ सामग्री और आसानी से साफ होने वाली होनी चाहिए।

6.7 उसमें पर्याप्त रोशनी होगी।

6.8 शीतागार का आदर्श तापमान 18° सेल्सियस या उससे नीचे का होगा।

6.9 शीतागार स्वचालित तापमान अभिलेखन संयंत्र से मुक्त होगा।

6.10 शीतागार में फर्श पर और दीवारों पर हवा के आसानी से आने-जाने की सुविधा की समुचित व्यवस्था होगी।

6.11 उपयुक्त आकार के एक एंटि रूप में (उपकक्ष) की व्यवस्था भी की जाएगी।

6.12 वहां पर एक खतरे की घंटी की व्यवस्था होगी।

6.13 एंटिरूम (उपकक्ष) और शीतागार में प्रवेश द्वार पर हवादार पर्दों की व्यवस्था होगी।

6.14 शीतागार में अच्छे स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था होगी।

7. पेयजल या अनुकल्पतः स्वच्छ समुद्री जल या किसी समुचित पद्धति द्वारा दाब के अधीन और पर्याप्त मात्रा में समुद्री जल के पर्याप्त प्रदाय के लिए सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। तथापि अपवादस्वरूप भाप बनाने, अग्निशमन और प्रशीतन उपस्कर के शीतन के लिए अपेय जल का प्रदाय अनुज्ञेय है परन्तु य

तब जब कि इस प्रयोजन के लिए लगाए गए पाइप ऐसे जल का किसी अन्य प्रयोजन के लिए प्रयोग निवारित करते हैं और उससे उत्पादों के संदूषण का कोई जोखिम न हो । अपेय जल के पाइपों का पेयजल या स्वच्छ समुद्री जल के लिए प्रयुक्त पाइपों से स्पष्ट रूप से प्रभेद किया जाएगा ।

8. स्वास्थ्य की दृष्टि से बेकार पानी को फेंकने की व्यवस्था होगी ।

9. पर्याप्त मात्रा में अच्छी क्वालिटी की बर्फ पेयजल से विनिर्मित टुकड़ों वाली बर्फ की भी व्यवस्था होगी।

10. सपाट जलरोधी, घुलने वाली दीवारें और फर्श, वाश बेसिन, फलश शौचालय और ताला लगी अलमारी सहित बदलने वाले कमरों की समुचित संख्या होगी। शौचालय व कार्य करने वाले कमरों में खुले नल नहीं होंगे । वाश बेसिन पर हाथ साफ करने के लिए अच्छी सामग्री और फैंके जा सकने वाले तौलिए होने चाहिए, वाशबेसिन का नल हाथ द्वारा चालित नहीं होना चाहिए।

11. यदि उत्पादों का आयतन जिनको काम में लाया गया है नियमित या स्थाई उपस्थिति के लिए निरीक्षण सेवा के विशेष उपयोग के लिए समुचित सुनिश्चित ताला लगाने वाले कमरों की व्यवस्था की जाएगी ।

12. यातायात के साधनों को साफ व कीटाणु मुक्त करने के लिए समुचित सुविधाएं होंगी ।

13. जीवित पशुओं को रखने के लिए जैसे क्रिस्ट्रीशिस और मछली रखे जाने की जगह पर समुचित प्रकार की व्यवस्था हो और उनको जीवित रखने के लिए पानी की क्वालिटी ऐसी हो कि हानिकारक कार्बनिक या पदार्थ पशुओं तक पहुंच न सके ।

स्वच्छता संबंधी सामान्य शर्तें :

1. परिसर और उपस्कर पर लागू होने वाली स्वच्छता संबंधी सामान्य शर्तें :

1.1 फर्श, दीवारें और विभाजित स्थान, छत और छतों का पलस्तर, मत्स्य उत्पादों के काम के लिए उपयोग किए जाने वाले उपस्कर और यंत्रों की इस प्रकार साफ सुथरा एवं मरम्मत की जाएगी जिससे उत्पाद संदूषित न हो ।

1.2 रोडेंट, कीड़ों और अन्य कीड़े मकौड़ों को परिसर में व्यवस्थित रूप से नष्ट किया जाएगा या उपस्कर कृन्तक-नाशी, कीटनाशी, रोगाणुनाशी और संभावी विषाक्त पदार्थों को ऐसे परिसर या अलमारी में भंडारित किया जाएगा जो बंद हो सकें जिससे उसमें उपयोग से संदूषण का कोई खतरा नहीं होना चाहिए ।

1.3 कार्य क्षेत्रों, यंत्रों और कार्य में आने वाले उपकरण का केवल मत्स्य उत्पादों के काम में ही उपयोग किया जाएगा, तथापि सक्षम प्राधिकारी के प्राधिकार पर अन्य खाद्य पदार्थों के कार्य के लिए भी उनका उपयोग किया जा सकता है ।

1.4 पेयजल या स्वच्छ समुद्री जल का सभी प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा । तथापि, अपवाद स्वरूप, भाप बनाने, अग्निशमन आदि रेफ्रिजरेशन उपस्कर के शीतन के लिए अपेय जल का उपयोग किया जा सकता है, परन्तु यह तब जब कि इस प्रयोजन के लिए लगाए गए पाईप ऐसे जल का किसी अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग को निवारित करते हों और उससे उत्पादों में संदूषण को कोई जोखिम न हो ।

1.5 अपमार्जक, कृन्तकमाणी, रोगाणुनाशी और इसी प्रकार के पदार्थ सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होने चाहिए और उनका इस प्रकार उपयोग किया जाएगा जिससे कि मशीनरी, उपस्कर और उत्पादों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े ।

2. कर्मचारीवृंद को लागू स्वच्छता संबंधी सामान्य शर्तें :

2.1 कर्मचारीवृंद उच्चतम कोटि की वैयक्तिक सफाई बनाए रखेंगे, जो अधिक विनिर्दिष्ट होगी ।

2.1.1 कर्मचारीवृन्द को उपयुक्त स्वच्छ काम करने वाले कपड़े और हैडगियर पहनना होगा जो पूर्णतः बालों को ढकता हो । यह विशिष्टितया उन व्यक्तियों को लागू होता है जो मत्स्य उत्पादों की उठाई-धराई करते हैं ।

2.1.2 वे कर्मचारीवृन्द जिनको मत्स्य उत्पादों की उठाई-धराई और तैयार करने में लगाया जाता है तो उनको काम में प्रत्येक समय में अपने हाथ साफ करने होंगे, हाथों पर जख्म होने पर उनके हाथ जलरोधी पट्टी से बंधे होने चाहिएं ।

2.1.3 कार्य और मत्स्य उत्पादों के भंडारण परिसरों में धूमपान, थूकना, खाना और पीना प्रतिषिद्ध होगा ।

2.2 नियोजक ऐसे व्यक्तियों को, जो मत्स्य उत्पाद को संदूषित करने के उत्तरदायी हैं, काम करने और उनकी उठाई-धराई करने से निवारित करने के लिए तब तक सभी अपेक्षित उपाय करेगा जब तक कि यह साक्ष्य न हो कि ऐसे व्यक्ति बिना जोखिम के ऐसा कर सकते हैं ।

जब किसी व्यक्ति की मत्स्य उत्पादों के कार्य पर और उसकी उठाई-धराई के लिए भर्ती की जाती है तो उसे इस प्रकार का एक चिकित्सा प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसे ऐसे रोजगार के लिए कोई अड़चन नहीं है । ऐसे व्यक्ति का चिकित्सा पर्यवेक्षण प्रवृत्त राष्ट्रीय विधायन द्वारा शासित होगा । ★

परिशिष्ट-4

तटों पर मत्स्य उत्पादों की उठाई-धराई के लिए विशेष शर्तें :

I. ताजे उत्पादों के लिए शर्तें :

1. जहां पर शीतित बिना पैक किए हुए उत्पादों का प्रेषण, तैयार या प्रसंस्करण नहीं किया जाता है, स्थापन

में पहुंचने के पश्चात् उन्हें यथाशीघ्र स्थापन के शीतगृह में बर्फ के अंतर्गत भंडारित किया जाएगा । यदि आवश्यक हो तो बर्फ को पुनः बनाया जाना चाहिए उपयोग की गयी बर्फ बिना नमक के साथ, पेयजल या स्वच्छ समुद्री जल से बनायी जानी चाहिए और इस प्रयोजन के लिए व्यवस्थित पात्रों में स्वच्छता संबंधी शर्तों के अंतर्गत भंडारित की जाएगी ऐसे पात्रों को स्वच्छ रखा जाएगा और वे अच्छी प्रकार से मरम्मत किए हुए होंगे । पैक किए गए ताजे उत्पादों को बर्फ या उसी प्रकार के तापमान को बनाने वाले यांत्रिक रेफ्रिजरेशन संयंत्र के साथ द्रुतशीतित किया जाएगा ।

2. यदि वे फलक पर नहीं ले जाए जाते हैं वे प्रचालन जैसे ऊपर से काटना और सफाई करना, स्वास्थ्यप्रद दशाओं में किए जाने चाहिए । ऐसे प्रचालन के पश्चात् यथाशीघ्र अच्छी तरह से पेयजल या स्वच्छ समुद्री जल से साफ किए जाने चाहिए ।

3. चपटे टुकड़े/कतले बनाने का संचालन इस प्रकार से किया जाना चाहिए कि चपटे टुकड़ों का कतलों का संदूषण या बिगड़ने से बचाव किया जा सके । ऐसे किसी स्थान से हटकर जिसका प्रयोग शीर्ष या आंतों के संचालन के लिए होता हो । चपटे टुकड़ों व कतलों को तैयार करने के लिए आवश्यकता से ज्यादा समय के लिए नहीं काम में आने वाली मेजों पर नहीं पड़े रहना चाहिए । चपटे टुकड़ों व कतलों जिनको ताजा बेचा जाता है, तैयार करने के तुरन्त पश्चात् शीघ्रातिशीघ्र द्रुतशीतित किया जाना चाहिए ।

4. गट और वह भाग जो लोक स्वास्थ्य के लिए संकट उत्पन्न कर सकते हैं उनको मानवीय उपयोग के लिए आशयित उत्पादों के समीप से पृथक और हटा दिया जाना चाहिए ।

5. ताजे मत्स्य उत्पादों के प्रेषण या भंडारण के लिए उपयोग किए गए आधानों की बनावट ऐसी होनी चाहिए कि उनकी संदूषण से और उनका स्वास्थ्य संबंधी शर्तों के परिरक्षण और दोनों से सुरक्षा हो विशिष्टतया से पिघले हुए पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था हो ।

6. जब तक कि अपशिष्ट के निरंतर व्ययन की विशेष सुविधाएं प्रदान न की जाएं तब तक पश्चात्वर्ती को न रिसने वाले, ढक्कन सहित ऐसे आधानों में रखा जाना चाहिए जो कि आसानी से साफ और रोगाणुमुक्त हो सकें । अपशिष्ट को कार्य करने के क्षेत्र में जमा नहीं होने देना चाहिए । इसे या तो निरंतर या जैसे ही आधान भर जाए और कम से कम प्रत्येक कार्य दिवस की समाप्ति पर ऐसे आधानों के भंडारण के लिए आशयित परिसर में रख देना चाहिए । अपशिष्ट के लिए रखे आधार, पात्र और/या परिसर सदैव पूर्णतः साफ किए जाने चाहिए और यदि उचित हो तो उन्हें उपयोग के पश्चात रोगाणुमुक्त करना चाहिए । वहां भंडारित अपशिष्ट संदूषण का स्रोत नहीं बनना चाहिए जिससे उसके आसपास प्रदूषण न फैलने पाए ।

II. हिमशीतित उत्पादों के लिए शर्तें :

1. संयंत्रों में,—

1.1 ऐसा हिमशीतन उपस्कर जो तापमान में शीघ्र कमी लाने के लिए पर्याप्त रूप से शक्तिशाली हो जिससे कि उत्पाद में इस अधिसूचना में अधिकथित तापमान लाया जा सके.

1.2 ऐसा हिमशीतन उपस्कर जो इस अधिसूचना में अधिकथित तापमान से अनधिक तापमान पर, परिवेश तापमान चाहे कुछ भी हो, भंडारगृहों में उत्पादों को रखने के लिए शक्तिशाली हो ।

तथापि, हिमशीतन की पद्धति और ऐसे उत्पादों की लदाई-उतराई से संबंधित तकनीकी कारणों से, लवण-जल में हिमशीतित और टीन में बंद करने के लिए आशयित साबुत मछली के लिए इस अधिसूचना में अधिकथित तापमान से उच्चतर तापमान स्वीकार्य है यद्यपि वे — 9 से० से अधिक नहीं हो सकेगा ।

2. हिमशीतित या द्रुत हिमशीतित किए जाने वाले ताजे उत्पाद इस उपाबंध के खंड-1 की अपेक्षाओं को पूरा करते हों ।

3. भंडारण कक्षों में तापमान अभिलेखन यंत्र ऐसी जगह पर होना चाहिए जहां से आसानी से पढ़ा जा सके । अभिलेखक के तापमान समवेदक को ऐसी जगह पर रखना चाहिए जो कि ठंड से दूर हो अर्थात् जहां पर भंडारण कक्ष का तापमान अधिक से अधिक हो ।

कम से कम जब तक कि उत्पाद भंडार कक्ष में है तब तक उनके तापमान चार्ट पर्यवेक्षी प्राधिकारी द्वारा निरीक्षण किए जाने के लिए उपलब्ध होना चाहिए ।

III. हिमद्रवण उत्पादों के लिए शर्तें :

उन स्थापनों को जो, हिमद्रवण कार्यकलाप करती हैं, निम्नलिखित अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए,

1. मछली उत्पादों का स्वास्थ्य दशाओं में हिमद्रवण करना चाहिए उन्हें संदूषण से बचाना चाहिए और पिघले हुए जल के लिए पर्याप्त निकासी की व्यवस्था होनी चाहिए ।

हिमद्रवण के समय उत्पादों का तापमान अचानक से ज्यादा नहीं बढ़ना चाहिए ।

2. हिमद्रवण के बाद मछली उत्पादों को इस अधिसूचना की अपेक्षाओं के अनुसार हथालना चाहिए । जब उन्हें तैयार व संसाधित किया जाता है वह कार्य बिना किसी देरी के किए जाने चाहिए ।

IV. संसाधित उत्पादों के लिए शर्तें :

1. ताजा, प्रशीतित और हिमद्रवित उत्पाद जो कि संसाधन के लिए काम में लाए जाते हैं, उन्हें इस उपाबंध के खंड I या II की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए ।

2. जहां रोगाणुजनक सूक्ष्म जीवों के विकास को रोकने के लिए संसाधन प्रक्रिया की जाती है या यह उत्पाद के परिरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है तो वह प्रक्रिया प्रयुक्त विधि द्वारा वैज्ञानिक दृष्टि से मान्यता प्राप्त और/या सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होनी चाहिए ।

स्थापन के जिम्मेदार व्यक्ति को चल रहे संसाधन का लेखा जोखा रखना चाहिए जिस तरह का संसाधन लगाया गया है उसके अनुसार गर्म करने का समय और तापमान, नमक की मात्रा, पीएच जल की मात्रा इत्यादि को मानीटर और नियंत्रित करना चाहिए । जिस समय के लिए उत्पाद भंडारण में रखने की संभावना हो तो तब तक आंकड़े संभालकर रखने चाहिए जिससे कि जरुरत पड़ने पर वे सक्षम प्राधिकारी को प्राप्त कराए जा सकें ।

3. ऐसे उत्पादों के लिए जिन्हें नमक द्वारा धूमण द्वारा, सूखाकर या मेरिनेडिंग द्वारा उपचार करके एक निश्चित समय के लिए सुरक्षित रखा जाता है भंडारण के लिए समुचित शर्तें उनकी पैकिंग पर साफ-साफ चिन्हित की जानी चाहिए ।

4. डिब्बा बंद करना :

मछली उत्पादों के मामले में जो समुद्रित सीलबंद आधानों में रोगाणु रहित किए जाएंगे ।

4.1 डिब्बों को तैयार करने के लिए पीने वाले पानी को प्रयोग में लाया जाना चाहिए ।

4.2 उष्मोपचार के लिए प्रयुक्त प्रक्रिया ऐसे मुख्य मापदंडों जैसे कि तापमान का समय, तापमान भराई, आधार का आकार इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उचित होना चाहिए, जिनका लेखा जोखा अवश्य रखा जाना चाहिए, ताप इतना सक्षम होना चाहिए कि रोगजनक जीवों और रोगजनक सूक्ष्म जीवों का या तो नाश कर दे या निष्क्रिय कर दें । तापमूलक उपकरण ऐसे साधनों से सुसज्जित होना चाहिए कि उसके द्वारा यह सिद्ध हो सके कि आधान वास्तविक रूप से उचित उष्मोपचार की क्रिया से गुजरे हैं । आधानों को उष्मोपचार के बाद ठंडा करने के लिए पीने वाले पानी का प्रयोग करना चाहिए । रसायनिक उपस्थिति को प्रभावित किए बिना अच्छी तरह तकनीकी पद्धति के अनुसार प्रयोग में लाया जाए ताकि डिब्बों और उपकरणों का क्षय न हो सके ।

4.3 विनिर्माता द्वारा अकस्मात् ही यह सुनिश्चित करने के लिए और जांच की जाएगी कि प्रसंस्कृत उत्पाद उपयुक्त उष्मोपचारित है, अर्थात्—

— उष्मायन परीक्षण उष्मायन $37 \pm 1^{\circ}$ सेंटीग्रेड पर सात दिन के लिए या $35 \pm 1^{\circ}$ सेंटीग्रेड पर दस दिन के लिए किया जाएगा ।

— अंतर्वस्तुओं और आधानों का सूक्ष्म जीव विज्ञानी परीक्षण स्थापन की प्रयोगशाला में या अन्य अनुमोदित प्रयोगशाला में किया जाना चाहिए ।

4.4 पहले से निर्धारित समयान्तरालों पर रोज के उत्पाद के नमूनों को लिखा जाना चाहिए ताकि मुद्रांकन की दक्षता सुनिश्चित की जा सके । इस प्रयोजन के लिए समुचित उपस्कर डिब्बों में सिलाई के छिद्रान्वित भाग के परीक्षण के लिए उपबन्ध रहने चाहिए ।

4.5 आधानों को यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जाएगी कि आधानों को नुकसान नहीं पहुंचा है ।

4.6 उन सभी आधानों को जिन्हें व्यवहारिक रूप से समरूप दशाओं में उष्मोपचारित किया गया है, एक बैच पहचान चिन्ह दिया जाना चाहिए ।

5. धूमन :

धूमन किसी पृथक परिसर या किसी विशेष संकलित पद्धति में सुसज्जित स्थान में किया जाना चाहिए ताकि धूमन और उष्मा को दहन में रोका जा सके जिससे ऐसी अन्य परिसर या स्थानों पर जहां मछली उत्पाद तैयार प्रसंस्कृत या भंडारित किए जाते हैं, प्रभाव न पड़े ।

5.1 मछली के धूमन के लिए धूमन के उत्पादित करने के लिए प्रयुक्त सामग्री को धूमन स्थान से दूर भंडारित किया जाना चाहिए और उसका प्रयोग ऐसी रीति से किया जाना चाहिए कि वे उत्पादों को संदूषित न करें ।

5.2 ऐसी लकड़ी को जलाकर धूमन पैदा करने के लिए प्रयुक्त सामग्री जिसे पेंट वार्निश, चिपकाया गया है या जिसका कोई रसायनिक परिरक्षण किया गया है, प्रतिषिद्ध किया जाना चाहिये ।

5.3 धूमन के पश्चात उत्पादों को पैक किए जाने से पूर्व उनके परिरक्षण के लिये तापमान पर शीघ्रता से ठंडा किया जाना चाहिये ।

6. लवण लगाना

6.1 लवण प्रचालन विभिन्न परिसर में किये जाने चाहिये और उन परिसरों से पर्याप्त रूप से हटकर होने चाहिए जहां अन्य प्रचालन किए जाते हैं ।

6.2 मछली उत्पादों के उपचार के लिए प्रयुक्त लवण साफ होना चाहिए और उसे इस प्रकार भंडारित किया जाए जिससे कि संदूषण न हो । इसका दोबारा उपयोग नहीं किया जाना चाहिए ।

6.3 लवण या लवण जल के लिए प्रयुक्त आधान का निर्माण ऐसी रीति में किया जाना चाहिए जिससे कि लवण लगाने या लवण जल प्रक्रिया के दौरान संदूषण को रोका जा सके ।

6.4 लवण या लवण जल के लिए प्रयुक्त आधान या क्षेत्र को उपयोग से पहले साफ करना चाहिये ।

7. पके हुए क्रस्टेशियन और मोलस्क कवचप्राणी उत्पाद क्रस्टेशियन और मोलस्क कवचप्राणी निम्नलिखित रूप में पकाए जाने चाहिये ।

7.1 प्रत्येक पकाने के पश्चात् तुरन्त शीतन किया जाना चाहिये । इस प्रयोजन के लिए प्रयुक्त जल पेयजल या स्वच्छ समुद्री जल होना चाहिये । यदि परिरक्षण की किसी अन्य रीति का उपयोग नहीं किया जाता है तो शीतन तब तक जारी रहना चाहिये जब तक कि तापमान गलनशील बर्फ से तापमान तक न पहुंच जाए ।

7.2 छिलका उतारना और चूर्पण स्वास्थ्यप्रद दशाओं में किया जाना चाहिये जिससे उत्पाद के संदूषण से बचा जा सके । जहां ऐसे प्रचालन हाथ द्वारा किए जाते हैं वहां कर्मकारों को अपने हाथ धोने पर विशेष ध्यान देना चाहिए और सभी कार्य सतहों को पूर्णतया साफ किया जाना चाहिये । यदि मशीनों का उपयोग किया जाता है कि उन्हें कुछ अंतरालों पर साफ किया जाना चाहिये और प्रत्येक कार्यदिवस के पश्चात् रोगाणुनाशिक किया जाना चाहिये । जिसका उतारने या चूर्पण पश्चात् पकाए गए उत्पाद तुरन्त हिमशीतित किये जाने चाहिये या ऐसे तापमान पर जो रोगाणुजनकों के बढ़ने को निवारित करता है, प्रद्रुशीतित रखा जाना चाहिये और उन्हें समुचित परिसर में भंडारित किया जाना चाहिये ।

7.3 प्रत्येक विनिर्माता नियमित अंतरालों पर मानकों का अनुपालन करते हुए अपने उत्पादन की सूक्ष्म जीव-विज्ञानी जांच करेगा ।

8. यांत्रिक रूप से प्राप्त मछली मांस

मछली मांस की यांत्रिक रूप से प्राप्ति निम्नलिखित दशाओं में की जानी चाहिये :

8.1 यांत्रिक रूप से (गटेड) मछली की प्राप्ति बिना विलम्ब किये गट से मुक्त कच्ची सामग्री का उपयोग करके हड्डियां निकाल देने के पश्चात् की जायेगी । जहां साबुत मछली का उपयोग किया जाता है वहां उन्हें पहले से गटेड और धो लेना चाहिये ।

8.2 मशीनरी को कुछ अंतरालों पर और कम से कम प्रत्येक दो घंटे पर सफाई की जानी चाहिये ।

8.3 प्राप्ति के पश्चात् यांत्रिक रूप से प्राप्त किया गया मांस यथा संभव शीघ्र प्रशीतित किया जाए या प्रशीतन अथवा स्थापन उपचार के लिये आशयित किसी उत्पाद में में मिला दिया जाये ।

1. परजीवी संबंधी शर्तें

1. उत्पादन के दौरान और मानव उपभोग के लिए दिये जाने से पूर्व मछली और मछली उत्पादों के लिए किन्हीं ऐसे परजीवियों का जो दिखाई देते हों, का पता लगाने और उन्हें हटाने के लिए एक चाक्षुष निरीक्षण किया जाना चाहिये । मछली या मछली के ऐसे भाग जो स्पष्टतः परजीवियों से ग्रस्त हैं और जिन्हें हटा दिया गया है, मानव उपयोग के लिए पैक नहीं किया जाना चाहिये ।

2. मद 3 में निर्दिष्ट मछली और मछली उत्पाद जिनका उसी रूप में उपभोग किया जाता है, इसके अतिरिक्त 20 घंटे से अन्यून के लिए उत्पाद के सभी भागों में —20° से० से अनधिक तापमान पर प्रशीतन किया जाना चाहिये । जिन उत्पादों पर यह प्रशीतन प्रक्रिया की जाती है वे या तो कच्चे या तैयार होने चाहिये ।

3. मद 2 में दी शर्तों में अध्यधीन मछली और मछली उत्पाद ।

3.1 कच्ची या लगभग कच्ची प्रयोग में लाई जाने वाली मछली उदाहरणार्थ कच्ची हैरिंगगातजे ।

3.2 निम्नलिखित जातियां यदि उनकी शीतन धूमन प्रक्रिया की जाती है जिन पर मछली का आंतरिक तापमान 60° से० से कम है ।

मकरल

स्प्राट

3.3 समुद्री नमकीन और या नमकीन बनाई गयी हैरिंग जहां यह प्रक्रिया "नेमीटोड बच्चों को नष्ट करने के लिये पर्याप्त न हो वह मापदंड अधिकथित किया जाना चाहिये जो ऐसी प्रक्रिया को जो नेमीटोड को नष्ट करने के लिये पर्याप्त या पर्याप्त समझी जाए, परिभाषित करने में समर्थ हो ।

4. उत्पादनकर्ता को यह सुनिश्चित करना चाहिये कि मछली और मछली उत्पाद जो कि मद 3 में सूचीबद्ध हैं या उनके विनिर्माण में प्रयुक्त कच्ची सामग्री का उन्हें उपयोग के लिए दिये जाने से पूर्व मद 2 में वर्णित उपचार किया जाए ।

उपाबंध—V

स्वास्थ्य नियंत्रण एवं अनुश्रवण उत्पादन की शर्तें

I. साधारण अनुश्रवण :

सक्षम प्राधिकारी इस अधिसूचना में दी गयी अपेक्षाओं का पालन करवाने के लिए जांच और अनुश्रवण का प्रबंध करेगा ।

इस प्रकार के इंतजाम में ये विशिष्टियां सम्मिलित होंगी:—

1. मछली खाने वाले बर्तनों की उपयुक्त जांच की जानी चाहिए, ऐसी जांच बर्तन के पत्तन में रहने के दौरान की जा सकेंगी ।

2. मछलियों को उतारने और उनकी पहली बिक्री की दशाओं की जांच होनी चाहिए ।

3. शिलोल्ब मोलिभिम के प्रजनन, परिवहन लाने ले जाने और सफाई क्षेत्रों में और पूर्व प्रसंस्करण केन्द्रों में उचित जांच का इंतजाम होना चाहिए ।

4. नियमित अंतराल की स्थापना पर विशिष्टियों की जांच पड़ताल के लिए निरीक्षण :

(क) क्या पूर्व प्रसंस्कृत सामग्री को पर्याप्त स्वच्छता की दशाओं वाले पूर्व प्रसंस्कृत स्थानों से प्रसंस्कृत किया गया है एवं उसका पंजीकरण एमपीडा द्वारा होना चाहिए ।

(ख) क्या अनुमोदन की शर्तों को अभी तक पूरा किया गया है।

(ग) क्या ताजा, प्रशीतित और प्रसंस्कृत मछली उत्पाद की ठीक प्रकार से उठाई-धराई की गयी है।

(घ) क्या स्थान, औजार और कार्मिक की स्वच्छता बनी हुई है।

(ङ) क्या पहचान चिन्ह ठीक प्रकार से लगाए गए हैं।

5. भंडारण और परिवहन दशाओं की जांच पड़ताल।

II. विशेष जांच पड़ताल—

1. ज्ञानेन्द्रीय सुग्राह्य की जांच

सक्षम प्राधिकारी उतारते समय अथवा, प्रथम बिक्री और अलग-अलग अंतराल पर भंडार, परिवहन की जांच करेगा कि पदार्थ मानव के खाद्य योग्य है। निरीक्षण द्वारा ज्ञानेन्द्रीय सुग्राह्य जांच द्वारा करेगा।

1.1 यदि ज्ञानेन्द्रीय सुग्राह्यता की जांच के समय पाया जाए कि वह मानव खपत के लिए नहीं है निर्यात के लिए बिक्री से वापस किए जाने के उपाय किए जाने चाहिए और इस तरह से व्ययन हो कि अस्वीकृत सामग्री का उपयोग निर्यात के लिए न हो।

1.2 यदि ज्ञानेन्द्रीय सुग्राह्यता जांच में मत्स्य उत्पाद की ताजगी के बारे में संदेह हो तो उनकी रसायनिक जांच पड़ताल अथवा सूक्ष्मजीवी विश्लेषण बनवाया जाए।

2. परजीवी जांच पड़ताल :

मछली और मछली के उत्पादों का उपभोग करने से पहले नमूने की चाक्षुष जांच की जाए। परजीवी के बारे में पता लगाने के लिए मछली और उसके शारीरिक भाग जो परजीवी द्वारा नष्ट किए गए हैं, उन भागों को इस प्रकार हटाया जाए कि उनका निर्यात न हो सके।

3. हिस्टामीन जांच पड़ताल :

जहां कहीं जरूरी हो वहां हिस्टामीन अंश की जांच के लिए नमूने लिए जाएं। ऐसे प्रत्येक बैच में से नौ नमूने लिए जाएं जिन्हें निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना चाहिए।

—औसत 100 पीपीएम से अनधिक हो।

—दो नमूनों का माप 100 पीपीएम से अनधिक और 200 पीपीएम अन्यून।

—किसी नमूने की औसत 200 पीपीएम से अधिक हो यह सीमा केवल सूमाथिइट और क्लूपिडिया प्रकार की मछलियों के लिए होगी। तथापि, इस प्रकार की मछलियों का समुद्री पानी में सुनिश्चित पकाने का उपचार हो गया हो तो भी उसके हिस्टामीन स्तर की औसत सीमा उपरोक्त से दुगुनी से अधिक नहीं होनी चाहिए। जांच विश्वसनीय एवं वैज्ञानिक तरीकों जैसे उच्च सम्पादन द्रव परिच्छेद द्वारा करनी चाहिए।

4. बिना पूर्वाग्रह के जल बचाव एवं प्रबंध के नियमों के अनुसार यह देखना होगा कि मछली के खाने वाले भागों में किसी प्रकार का जलीय प्रदूषण न हो जैसे भारी धातु और रोग का उपचार करने के उत्पाद इस सीमा तक हों कि मानव उसका उपभोग अथवा साप्ताहिक रूप में कर सके। मछली के उत्पादों की जांच एवं अनुश्रवण सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।

5. सूक्ष्मजीवी विश्लेषण—

जहां कहीं, सूक्ष्मजीवी कारणों की जरूरत हो उनका परीक्षण नमूना लेकर कर ली जाएगी।

इसके लिए नमूना लेने की योजना, विश्लेषण की पद्धति स्वीकार्य मापदंड होगा :

(क) आयात करने वाले देशों की अपेक्षानुसार

या

(ख) मछली तथा मछली उत्पादों के लिए भैनुशाम क्वालिटी विकास केन्द्र-मद्रास द्वारा जारी विश्लेषण पद्धति पर आधारित होगा।

उपाबंध–VI

पैकेजिंग

1. मछली उत्पादों की पैकेजिंग स्वच्छ एवं संदूषण रहित संतोषजनक वातावरण में होनी चाहिए।

2. सामग्री और उत्पाद को मछली उत्पादों से सम्पर्क में आने के लिए स्वच्छता के सभी नियमों का अनुपालन करेगा और विशिष्टयां :

—वह मत्स्य उत्पाद के ज्ञानेन्द्रीय सुग्राह्य को कमजोर करने के अनुसार नहीं होने चाहिए।

—मानव स्वास्थ्य को नुकसान करने वाले मछली उत्पाद पदार्थ को परिषण करने में समर्थ होगा।

—वे यथोचित मछली उत्पादों को सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त रूप से मजबूत हों।

3. प्रसंस्करण संयंत्र को कच्ची सामग्री के लिए उपयोजित पेटियों/आधानों का उपयोग स्वीकृत कच्ची सामग्री के भंडारण के लिए नहीं किया जाएगा और पश्चात्वर्ती प्रसंस्कृत ऐसी पेटियां/आधान उपयुक्त रंग और चिन्हों द्वारा पहचान योग्य होंगे।

4. निश्चित धारण करने वाले अपवेध्य तैयार करें पर्याप्त मृदु और क्षयणः होने वाले क्षय प्रतिरोधी पदार्थ जिन्हें सुगमता से रोगाणु दूर करके और पेटी/आधान साफ करने के बाद पुनः उपयोग करना अन्यथा (पैकिंग) के लिए अनुचित है। ताजा उत्पादन पैकिंग पदार्थ के लिए बर्फ में रखना चाहिए, ताकि वे शुद्ध रहें और धूमिल पानी की निकासी द्वारा निकालना चाहिए।

5. न प्रयोग की जाने वाली पैकिंग सामग्री उत्पादन मेज से दूर स्थान में भंडारित किया जाना चाहिए और संदूषण से सुरक्षित हो।

उपाबंध–7

1. पहचान चिन्ह

1.1 ताजी और प्रशीतित प्रसंस्कृत मछली एवं मछलियों के उत्पादों के पैकेज के साथ दस्तावेजों पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा आबंटित स्थापन प्रसंस्करण कोड (अनुमोदित संख्या) के बाद संक्षेप में या पूरा आबंटन, उत्पादित पदार्थ का नाम वर्ष मास और तारीख होनी चाहिए।

उदाहरण नीचे दिया गया है :—

520 एफ एस पी ओ

4-ए 10

—520 सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रसंस्करणकर्ता को दिया गया आबंटित सांख्यीक कोड

—एस एस : उत्पाद का नाम (प्रशीतित झिम्प)

पी डी उत्पाद का प्रकार (छीला और साफ किया हुआ)

—4—प्रक्रिया का वर्ष (1994 का अंतिम अंक)

—क : प्रक्रिया का मास (प्रथम मास अर्थात् जनवरी)

—10 : प्रक्रिया की तारीख (मास का दसवां दिन)

वर्ष के मास के लिए निम्नलिखित संक्षेपाक्षर का उपयोग किया जाएगा—

जनवरी	क
फरवरी	ख
मार्च	ग
अप्रैल	घ
मई	ङ
जून	च
जुलाई	छ
अगस्त	ज
सितम्बर	झ
अक्तूबर	ञ
नवम्बर	ट
दिसम्बर	ठ

उपाबंध-8

भंडारण और परिवहन

1. ताजी, प्रशीतित मछली और मछली उत्पाद भंडारण और परिवहन के दौरान तापमान पर रखना चाहिए। जो अधिसूचना में नीचे दिया गया है और विशिष्टितया:

—मछली तथा कमजोर मछली उत्पाद, पका हुआ ठंडी छिलकेदार जंतु घोघा, शैलपिन उत्पाद द्रवित बर्फ के तापमान पर रखा जाना चाहिए।

—डिब्बा बंद खाद्य के विनिर्माण के लिए जल स्रवण में हिमशीतित मछली के सिवाय हिमशीतित मछली उत्पादों के परिवहन के दौरान संक्षिप्त संभावित स्वीकृत के लिए तापमान का ऊपर ऊंचा उठना या घटना परिवहन के दौरान 3 डिग्री सें. ग्रेड से अधिक नहीं होना चाहिए।

—निर्दिष्ट किया हुआ उत्पादकर्ता द्वारा संसाधन उत्पादन को तापमान पर रखना आवश्यक है। जब परिस्थितियां अनुकूल या आकांक्षा के अनुरूप हो।

2. जहां संस्थापन द्वारा स्वीकृत ठंडे संग्रहण संयंत्र से अवरुद्ध मत्स्य उत्पादन परिवहनित किया हो वहां परिवहनित समय कम हो, तैयारी और संसाधन उद्देश्य के लिए बीच की दूरी 50 किलोमीटर और एक घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। सक्षम प्राधिकरण द्वारा मंजूर अप्रतिष्ठित की शर्तें जो प्रक्रम 101 में हैं।

3. संग्रहण और परिवहनत किया हुआ उत्पाद, अन्य उत्पादों के साथ नहीं हो, जो उन्हें दूषित कर सकता है और स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकता है। यदि वे पैकेट में हैं तो वे सुरक्षित संतुष्टि देते हैं।

4. मछली उत्पादन के परिवहन के लिए प्रयुक्त वाहन इस ढंग से बने व उपस्करित हों कि परिवहन के दौरान इस अधिसूचना में अधिकथित तापमान को बनाए रखें। यदि उत्पाद को शीतल रखने के लिए बर्फ प्रयुक्त होती है पर्याप्त निकास की व्यवस्था इस ढंग से हो कि यह सुनिश्चित हो जाए कि बर्फ का पिघला पानी उत्पाद के सम्पर्क में न रहे। परिवहन के साधनों को आंतरिक स्तर को इस ढंग से फिनिश कर सके कि वे तैयार व ताजे हिमशीतित मछली उत्पादों पर प्रतिकूल प्रभाव न डालें। वे समतल हों तो धोने में सुगम हो।

5. ताजे, हिमशीतित और प्रसंस्कृत मछली उत्पाद के लिए प्रयुक्त परिवहन के साधन संभवत: अन्य उत्पादों के लिए प्रयुक्त न किए हों जिससे कि मछली उत्पाद संदूषित न हो सिवाय इसके कि जब तक ऐसे परिवहन के फलस्वरूप मछली उत्पादों का जीवाणु रहित गारंटी दी जा सके।

6. ताजे, हिमशीतित, प्रसंस्कृत मछली उत्पादों को ऐसे वाहन या डिब्बे में परिवहित न किया जाए जो साफ न हों या कीटाणुरहित न किया हो।

7. निर्यातित ताजे, हिमशीतित तथा प्रसंस्कृत मछली तथा मछली उत्पाद की परिवहन की व्यवस्था इस प्रकार हो कि जिससे उत्पाद पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

उपाबंध - 9

0. इस अधिसूचना के खंड 9 के अनुसार उन सिद्धान्तों को, जिन पर निजी जांच आधारित है, लागू करने के लिए मार्ग-दर्शन किया जाना चाहिए। यह भी परिभाषित करना आवश्यक है कि विवेचनात्मक अंशों के कार्यान्वयन के तरीके

एवं अनुश्रवण से क्या तात्पर्य है । यह भी निर्धारित किया गया है कि प्रयोगशालाएं सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित हों, और लिखित या अन्यथा पंजीकृत अभिलेख द्वारा अनुमोदित हों और लिखित या अन्यथा पंजीकृत अभिलेख रखे जाएं जिनमें निजी जांच की स्थापना से संबंधित सभी सूचनाएं एवं परिणाम संग्रहित हों यद्यपि एक स्थापन के निजी जांच का प्रारम्भ व स्थापन दूसरी स्थापन से भिन्न होगा, यह आवश्यक है कि कुछ तर्क संगत पथप्रदर्शक सिद्धान्तों के आदर्श नमूने जारी किए जाएं जिससे कि इस अधिसूचना के खंड 9 के आशयित सभी अनुरूप हो सके ।

1. स्वतः निजी जांच पड़ताल से तात्पर्य उन सभी कार्रवाईयों से है जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित एवं प्रदर्शित करना है कि ताजे, हिमशीतित, प्रसंस्कृत मछली उत्पाद इस अधिसूचना के समाधानप्रद रुप में है ये कार्रवाईयां स्थापन की आंतरिक व्यवस्था से मेल खाती हों तथा उन व्यक्तियों द्वारा विकसित एवं कार्यान्वित हों जो प्रत्येक यूनिट के लिए उत्तरदायी हो ।

1.1 आंतरिक तौर पर स्थापन समुचित व्यवसायिक संगठनों द्वारा अच्छे विनिर्माण के लिए मार्गदर्शी के रूप में प्रयोग करें जो सक्षम अधिकारी को स्वीकार्य हो ।

1.2 स्थापन के लिए उत्तरदायी व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी कर्मचारी जो निजी जांच से संबंधित हैं पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हों, ताकि प्रभावी रूप से कार्यान्वियन प्रक्रिया में भाग लें ।

2. विवेचनात्मक बिन्दु से अभिप्रेत है कि वे अंश ताप या व्यवस्था हैं, जिसके द्वारा खाद्य सुरक्षा बाधा को रोकने, दूर करने या कम करने पर नियंत्रण-स्वीकार्य स्तर तक किया जा सके सभी विवेचनात्मक बिन्दु जो इस अधिसूचना की स्वास्थ्य संबंधी शर्तों को पूरा करने के लिए सुनिश्चित कर सकें । अंशों को व्यक्त करने के लिए इस अध्याय का परिशिष्ट 1 लागू होगा।

2.1 प्रत्येक स्थापन के विवेचनात्मक बिन्दु, कच्चे माल, उसके उत्पादन के तरीके आधार व यंत्रों द्वारा उत्पाद व अनुश्रवण के तरीक पर निर्भर है ।

3. इस प्रकार के विवेचनात्मक बिन्दुओं की जांच एवं अनुश्रवण में वह सब संप्रेक्षण और या मानदंड शामिल है जो यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि विवेचनात्मक बिन्दु नियंत्रण में रखे गए है । विवेचनात्मक नियंत्रण बिन्दुओं के अनुश्रवण व जांच में यह उपस्थापित करना कि उत्पाद का मापदंड इस अधिसूचना में अधिकथित मानकों के अनुसार है, सम्मिलित नही है । अनुश्रवण और जांच को आरम्भ करने के लिए इस उपाबंध को लागू करने के प्रयोजन लाग होगा ।

4. उपाबंध । के खंड 9.3 में निर्दिष्ट प्रयोगशालात्मक विश्लेषण के लिए नमूना लेना इस आशय के अनुरुप होगा कि स्वयं जांच प्रणाली खंड 1, 2 तथा 3 के प्रभावानुरुप होगी ।

4.1 परिषायल के लिए उत्तरदायी व्यक्ति नमूना लेने के कार्यक्रमों के प्रावधान बनाएगा परन्तु यह आवश्यक नही होगा कि वे प्रणाली प्रत्येक उत्पादन बैच, कोड जो भी इसमें संबंधित हो, निम्नलिखित अनुमत होंगे ।

(क) जब पहली बार स्थापित किया हो स्वतः जांच प्रणाली की विधिमान्यता;

(ख) यदि आवश्यक हो, उत्पाद की विशिष्टताओं या विनिर्माण प्रक्रिया में परिवर्तन के मामले में प्रणाली का पुनः विधिमान्यता

(ग) निर्दिष्ट अंतरालों पर सत्यापन करना कि सभी प्रावधान अभी तक सही है और सही था, या अनुपालन किया गया है ।

